हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 6 जुलाई 2025


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 दतान प स्कूल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव, नशा..





11 बाल साहित्य पुस्तक प्रतिष्ठा का उपमुख्यमंत्री साव ने किया विमोचन






## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** एनएच 53 पर बाइक को मोड़ रहे एक बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। बसना पुलिस ने बताया कि शीशराम यादव मोटर सायकल होंडा ड्रीम नियो क्र सीजी 06 जीएम 1228 से एनएच53 रोड के पास मोड़ रहा था, तभी रायपुर की ओर से आ रही हुंडई वेन्यू कार क्रमांक सीजी 06 जीटी 7825 के चालक ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे शीशराम यादव मोटर सायकल सहित गिर गया और उसके सिर, चेहरा, कंधे एवं पैर के पास चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** अवैध रूप से बिक्री के लिए देशी शराब ले जा रहे दो लोगों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सितली नाला शराब दुकान से दो व्यक्ति 04-04 पौवा करके देशी प्लेन शराब निकाल रहे हैं। इसके बाद मुखबिर के बताए स्थान बागबाहरा रोड बोरियाझर जाने पर एक मोटर सायकल चालक को रोककर पूछताछ की गई। बाइक चालक ने अपना नाम टिकेश सारथी पिता मोहन सार्थी (22 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 11 नयापारा महासमुंद तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम हर्षित साहू पिता मनोज साहू (19 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 11 नयापारा महासमुंद बताया। आरोपी के पास एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 60 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 4800 रुपए बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप के लिए चांदनी का चयन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन देहरादून उत्तराखंड में 08 से 13 जुलाई तक आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका टीम शामिल होगी। महासमुंद जिले से चांदनी यादव पिता सुरेश यादव का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। चांदनी यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा की कक्षा 10वीं की छात्रा है, जो रग्बी खेल का अभ्यास व्यायाम शिक्षक इंद्राणी भास्कर के नेतृत्व में विद्यालय परिसर एवं मिनी स्टेडियम बेलसोंडा में करती हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में रग्बी खेल सामग्री प्रदाय किया गया है। जिसके माध्यम से खेल संचालित किया जा रहा हैं तथा खेल कौशल का विकास, खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास कराया जा रहा हैं। चांदनी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर में 22 जून को आयोजित किया गया था।

### आंगनबाड़ी में मनाया गया सुपोषण चौपाल

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 26 पंचशील नगर क्लब पारा के आंगनबाडी में सुपोषण चौपाल के अंतर्गत बच्चों का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वार्ड में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद पीयूष अमृत साहू तथा भाजपा शहर मंडल आईटी सेल के शरद राव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरत सोनी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कुपोषण से बचाना है और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करना है। पार्षद साहू ने प्रवेश लेने वाले बच्चों की आरती कर और खीर खिलाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शकुंतला ऐमीन सिन्हा, पायल आदि मौजूद रहे।

# साइबर क्राइम की रोकथाम और अपराधी को पकड़ने में बैंक प्रबंधन की भूमिका अहम

## पुलिस अधीक्षक ने ली बैंक शाखा प्रबंधकों की बैठक, साइब्रर क्राइम के मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमिन्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे से पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में जिले में स्थित समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों का बैठक ली। बैठक का मुख्य मुद्दा अपराधों की रोकथाम एवं साइबर क्राइम से जुड़े हुए आवश्यक मुद्दे रहे। इस दौरान पुलिस-बैंक प्रबंधन के मध्य आपसी समन्वय एवं बैंक में जानकारी आदि प्राप्त करने में आ रही तकनीकी एवं व्यवहारिक दिक्कतों को दूर करने समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा गया कि किसी भी साइबर क्राइम की रोकथाम एवं साइबर अपराधी को पकड़ने में बैंक प्रबंधन का महत्वपूर्ण स्थान होता है। साइबर क्राइम में किसी प्रकार की जानकारी मिलने में बैंक से जितना अधिक विलंब होगा, उतना ही अपराधी के फरार होने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए पुलिस द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित मांगी जाने वाली जानकारी अविलंब प्रदान करें।

बैठक में चॉइस सेंटर संचालकों की भी सतत मॉनिटरिंग करने निर्देशित किया गया। कई अवसरों पर म्यूल अकाउंट ओपन होने एवं उसके संचालन में चॉइस सेंटर संचालकों की भी भूमिका सामने आ रही है, इसलिए चॉइस सेंटर संचालकों की भी सतत चेकिंग किया जाना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने समस्त बैंक प्रबंधकों को बैंक में आने वाले ग्राहकों एवं आमजनों की सुविधा के लिए पर्याप्त यातायात एवं ▶▶ शेष पेज 10 पर



### अकाउंट खोलते समय पूरी सावधानी बरते

इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति का अकाउंट खोलते समय पूरी सावधानी बरते। आवेदक का संपूर्ण कागजात प्राप्त करें, उसकी प्रारंभिक जांच एवं सामान्य पूछताछ कर पूरी तरीके से संतुष्ट होने के उपरांत ही उसका अकाउंट ओपन करें। भावना गुप्ता द्वारा होल्ड राशि प्रकरणों पर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा गया कि अभी जिले में कुल 144 होल्ड राशि के प्रकरण है, जिनमें न्यायालय का आदेश होने के उपरांत भी होल्ड राशि पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। यह एक प्रकार से न्यायालय के आदेश की अवहेलना है, इसलिए होल्ड राशि प्रकरणों पर प्राथमिकता के तहत कार्रवाई की जाए। बैठक में बैंक सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा आदि की सतत मॉनिटरिंग करने निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बैंक में सीसीटीवी कैमरा सभी आवश्यक स्थान में एवं उच्च क्वालिटी, वीडियो/ऑडियो एवं नाइट विजन कैमरा बैंक सुरक्षा के लिए लगाया जाए।

## पुरानी रंजिश के चलते ग्राम तोरा में पीट पीटकर की थी हत्या

# हत्या के फरार तीन आरोपी जेल दाखिल

हरिभूममि न्यूज ▶▶ सिमगा

ग्राम तोरा में एक व्यक्ति की हत्या करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और अन्य आरोपियों तलाश में जुटी है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमरदीप पात्रे 28 वर्ष निवासी ग्राम तोरा, रितेश टोण्डे 19 वर्ष निवासी संत माता कर्मा वार्ड भाटापारा और ओमप्रिय चतुर्वेदी 23 वर्ष निवासी ग्राम रानीजरौद थाना सुहेला शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

आरोपियों द्वारा एक राय होकर अश्लील गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का, डंडे से मारपीट करने से एक व्यक्ति की इलाज के लिए रायपुर ले जाने के दौरान हो गई मृत्यु।एसपी बलौदाबाजार से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रार्थी अमन मांडले निवासी ग्राम तोरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि 4 जुलाई की रात लगभग 8 बजे प्रार्थी अपने परिवार के लोगों के साथ ग्राम में दुकान के सामने रोड किनारे बैठा था। इसी बीच दो ईको वाहन से आरोपी वहां आए और वाहन से उतरकर अचानक प्रार्थी एवं उसके परिवार के लोगों से गाली गलौज करते हुए हाथ, मुक्का, डंडा एवं नुकीली धातु से जान से मारने की नियत से प्राण घातक हमला किया। मारपीट करने से सभी के सिर, सीने, पेट, कंधे आदि में गंभीर चोट आयी है। घटना में मारपीट से तमराज महिपाल को गंभीर चोट आयी है, जिसे उचित उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया, जहां रायपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई।



### आरोपियो ने मारपीट करना स्वीकार किया

प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 351(3), 115(2), 191(2), 191(3), 109(3), 103(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। सिमगा पुलिस ग्राम तोरा में घटना स्थल पहुंचकर ग्राम में 3 आरोपियों को हिरासत में लिया, पूछताछ करने पर उनके द्वारा पुरानी लड़ाई-झगड़ा और विवाद पर अन्य साथियों के साथ एक राय होकर, 2 ईको वाहन में आकर प्रार्थी एवं उसके परिवारजनों के साथ गंभीर रूप से मारपीट करना स्वीकार किया, जिससे एक व्यक्ति तमराज महिपाल की मृत्यु हो गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पुलिस पता तलाश कर रही है।

# राजस्व मंत्री ने सहकारी समिति खम्हरिया में किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शनिवार क़ो एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सहकारी समिति खम्हरिया में पौध रोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों नें भी पौधा लगाया। सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सहकारिता सप्ताह अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रथम चरण में 56 सहकारी समिति परिसर में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है।



# फाउंडेशन ने किया भटगांव में प्रतिभा छात्रों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

नगर पंचायत में कीर्ति एवं मुस्कान फाउंडेशन ने नगर के हाई, हायर सेकंडरी स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। विदित हो कि कीर्ति एवं मुस्कान फाउंडेशन संगठन बाल संरक्षण, नशीली दवाइयों की लत, एचआईवी-ऐड्स जागरूकता और पुनर्वास जैसे क्षेत्रों में काम करता है। इसके अतिरिक्त यह शिक्षा के क्षेत्र में भी योगदान देता है। इसमें प्राचीन और आधुनिक शिक्षा पद्धतियों का समन्वय शामिल है एवं विभिन्न सामाजिक कार्यों में कार्य करती है। मानवाधिकार के प्रदेशाध्यक्ष रितु सिंह ने बताया कि हमारा संगठन धर्म, संस्कृति, समाज और देश को सुरक्षित रखना और लोगों के बीच प्रेम और समर्पण की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में नगर भटगांव के प्रेम भुवन प्रताप सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सेजेस) भटगांव के 13 प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं सागर पब्लिक स्कूल भटगांव के 9 छात्र-छात्राओं मेडल प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एफआर निराला, नगर पंचायत भटगांव अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, नगर पंचायत भटगांव पूर्व उपाध्यक्ष एवं वार्ड 1 के पार्षद प्रवेश दुबे, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी भूपेश सिंह सहित स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शराब पीकर वाहन चलाते 7 चालक पकड़ाये



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जब्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा कसडोल, भाटापारा एवं बलौदाबाजार में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 7 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा इन सभी 7 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए, इनके वाहन जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, इसमें 4 जुलाई न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10-10 हजार तथा 1 प्रकरण में 15 हजार अर्थदंड का आदेश दिया गया। इस प्रकार ▶▶ शेष पेज 10 पर



## कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# विकास कार्यों में तेजी और पारदर्शिता लाए अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित विभिन्न योजनाओं की विभागवार गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर सोनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों की सराहना करते हुए आवास मित्रों को स्वीकृत एवं प्रगतिरत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने तकनीकी सहायकों को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा बलौदाबाजार, पलारी और कसडोल विकासखंडों में कार्यों में तेजी लाने को कहा। बिहान योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत समूहों को सशक्त कर अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए। मनरेगा योजना अंतर्गत प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास के साथ 90 कार्य दिवसों का सुनिश्चित क्रियान्वयन और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर जनपद सीईओ द्वारा कार्रवाई के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ओडीएफ प्लस, कचरा संग्रहण, और साफ-सफाई के अन्य मापदंडों पर भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले की रैंकिंग बेहतर होनी चाहिए, इसके लिए फील्ड स्तर पर सभी अधिकारी सक्रिय रूप से कार्य करें। साथ ही अमृत सरोवर योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर भी बल दिया। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अंतर्गत कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को विकास कार्य के प्रमुख विभाग ▶▶ शेष पेज 10 पर

### क्षेत्रीय कार्यों की प्रगति के फोटोग्राफ संकलित करना जरूरी



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बिहान, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आदि के क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक दिवस क्षेत्रीय कार्यों की प्रगति के फोटोग्राफ संकलित किए जाएंगे और सप्ताह के सर्वश्रेष्ठ कार्य को फोटो ऑफ द वीक के रूप में चयनित कर प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित सभी जनपद सीईओ, पीओ मनरेगा, तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

### मौसमी बीमारियों से बचाव, सतर्कता बरतने की सलाह दी

कलेक्टर सोनी ने बरसात के मौसम में जल जनित रोगों एवं दूषित खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों को देखते हुए आम नागरिकों को सतर्क रहने और स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपील की है। उन्होंने लोगों को आगामी 2 से 3 महीनों तक पीने के पानी को उबालकर उपयोग करने, पानी रखने वाले बर्तनों में क्लोरीन की गोली डालने, ताजे और गर्म भोजन का ही सेवन करने तथा जल स्रोतों के आसपास नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को भी निर्देशित किया कि जनसामान्य को इन सावधानियों के प्रति निरंतर जागरूक किया जाए, जिससे मौसमी बीमारियों से प्रभावी बचाव सुनिश्चित हो सके।

# आयुष विभाग ने आयोजित किया दो दिवसीय शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

आयुष विभाग द्वारा 2 दिवसीय सिद्धासन योग शिविर का आयोजन नगर भवन एवं जिला जेल में किया गया। नगर भवन में 50 से अधिक शासकीय कर्मचारियों एवं जिला जेल परिसर में 80 से अधिक बंदियों एवं जेल कर्मचारियों ने योगाभ्यास में भाग लिया। साथ ही सिद्धासन योग शिविर में उपस्थित योगाभ्यासी को काढ़ा वितरण किया गया। पुलिस विभाग के लिए आयोजित योगाभ्यास आयोजन में 50 से अधिक पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवान सम्मिलित हुए। सिद्धासन ग्रुप पॉवर सोल द्वारा शारीरिक व्यायाम एवं मानसिक फोकस करने की कला सिखाया गया।

शिविर में शिविर प्रभारी डॉ.विवेक कुमार वर्मा, डॉ. एल.एस. ध्रुव, डॉ.सुरेश कुमार मेहता, डॉ.रजनी ध्रुव, डॉ.माधुरी डहरिया, टेकराम साहू, रामाशंकर भास्कर, योगेन्द्र गेंडरे, मनोज जांगड़े, लक्ष्मण वर्मा, गोविन्द प्रसाद पैंकरा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### ग्रीन आर्मी का व्यापक वृक्षारोपण अभियान जारी

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा मानसून 2025 में शहरभर में व्यापक वृक्षारोपण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। संस्था के सदस्यों द्वारा प्रत्येक सप्ताह विभिन्न जोन में पौधारोपण किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और रायपुर को स्वच्छ तथा हरा-भरा शहर बनाना है। संस्था ने इस मानसून सत्र में अब तक अनेक महत्वपूर्ण स्थानों पर सफलतापूर्वक वृक्षारोपण किया है। इनमें प्रमुख रूप से पुरैना मुक्तिधाम, अमलीडीह, तिरंगा तिराहा, हाईस्कूल पथरी, पं. रविशंकर विवि, आईटीआई, हिमालयन हाइट्स देवपुरी, जेएन पांडेय स्कूल, बैजनाथपारा, नीम कॉरिडोर, कबीर नगर टाटीबंध जोन, दुर्गा जैन धरसींवा स्कूल टाटीबंध में पौधे लगाए हैं। पौधरोपण के साथ-साथ, ग्रीन आर्मी इनकी उचित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दे रही है। इसके तहत गड्ढे तैयार करने, तार फेंसिंग लगाने और लगाए गए पौधों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का कार्य भी लगातार जारी है, ताकि उनकी उत्तरजीविता दर अधिकतम हो सके। आगामी दिनों में सोनडोंगरी मुक्तिधाम में 10000 पौधे और देवपुरी डेंस फॉरेस्ट में 8000 पौधे लगाने की योजना है।

### जालसाजों को किराए पर दिया अकाउंट, आठ गिरफ्तार



**रायपुर।** शेयर ट्रेडिंग, डिजिटल अरेस्ट तथा अन्य प्रकार के झांसा देकर ठगी करने वाले ठगों को अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। ठगों को अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में पुलिस ने रायपुर निवासी राजेश तांडी, शब्बीर खान, अजय तांडी, गजेंद्र ध्रुव, जीतेश दास, किशोर छाबड़ा, सचिन लिल्हारे तथा अब्दुल गनी मेमन को गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी जालसाजों को किराए पर बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते थे।

### जीपीएस चालू न करने के विवाद पर ड्राइवर को पीटा

**रायपुर।** माना थाने में एक बस ड्राइवर ने अपने बस मालिक के खिलाफ जीपीएस चालू नहीं करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल ट्रैवल्स के बस ड्राइवर साहिल साहू ने अपने मालिक साहिल यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बस ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि वह पिछले महीने 28 जून को सवारी लेकर अंबिकापुर गया था। अंबिकापुर से 2 जुलाई को वापस लौटने के बाद ड्राइवर अपने मालिक से मिलने ऑफिस पहुंचा तो बस मालिक ने अपने ड्राइवर पर जीपीएस चालू नहीं करने का आरोप लगाते हुए उसकी बेल्ट से बुरी तरह से पिटाई की।

# आयुष्मान क्लेम की कटाई-छंटाई में टीपीए कंपनियों ने नहीं दिखाई दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के क्लेम के ऑडिट के लिए टीपीए कंपनियों द्वारा दिलचस्पी नहीं दिखाए जाने की वजह से तीसरी बार निविदा की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। नवा रायपुर में ऑफिस के लिए 80 डाक्टरों की फुलटाइम व्यवस्था का नियम ज्यादा खर्चीला पड़ रहा है। वहीं स्टेट नोडल एजेंसी के कार्यालय में प्रोसेसिंग ऑफिस बनाए जाने से अनावश्यक दखलंदाजी बढ़ने के अंदेशे से कई कंपनियां इसके लिए दिलचस्पी नहीं दिखा रहीं।

खास खबर

आयुष्मान योजनाओं में मरीजों के निशुल्क इलाज के बाद अस्पतालों से आने वाले क्लेम के ऑडिट का काम स्वास्थ्य संचालनालय की स्टेट नोडल एजेंसी थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेशन (टीपीए) द्वारा कराया जाता है। पिछले तीन महीने से आडिट का काम अटका हुआ है, क्योंकि पुरानी कंपनी का अनुबंध समाप्त हो चुका है और नयी कंपनी तय करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी ही नहीं हो पा रही है। सूत्रों का कहना है कि पूर्व में यह काम सिटी ऑफिस में पूरा हो जाता था और ऑडिट के लिए कम खर्च में ही एमबीबीएस के डाक्टर पार्ट टाइम जॉब के रूप में मिल जाते थे। नयी शर्तों के अनुसार टीपीए द्वारा प्रोसेसिंग का काम नवा रायपर स्थित स्टेट नोडल एजेंसी के कार्यालय से किया जाना है। इसके लिए अनुबंधित कंपनी को 80 डाक्टरों की व्यवस्था करनी पड़ेगी।

फुल टाइम सेवा की वजह से डाक्टरों की नियुक्ति के लिए ज्यादा वेतन खर्च करना पड़ेगा। इसके अलावा दूसरी बड़ी बात एसएनए के कैंपस में ऑडिट होने से अनावश्यक रूप से अफसरों की दखलंदाजी की आशंका है। इसकी वजह से टीपीए कंपनियां इस टेंडर प्रक्रिया में शामिल होने से पीछे हट रही हैं और आयुष्मान योजना के आने वाले क्लेम के ऑडिट का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। इस बार की टेंडर प्रक्रिया में केवल दो एजेंसी के शामिल होने की वजह से तीसरी बार ज्यादा कंपनियों की भागीदारी की आस में तारीख बढ़ा दी गई है।

**नवा रायपुर में ऑफिस, 80 डाक्टरों की फुलटाइम व्यवस्था का नियम ज्यादा खर्चीला**

**29 मई से शुरू हुई प्रक्रिया**

जानकारी के अनुसार शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के प्रोसेसिंग कार्य के लिए राज्य की नोडल एजेंसी ने 29 मई 2025 को निविदा जारी की थी। इसमें टेंडर भरने की अंतिम तिथि 19 जून और टेंडर ओपन होने की तारीख 23 जून तय की गई थी। तकनीकी कारणों का हवाला देकर टेंडर ओपन करने की तारीख 28 जून तक बढ़ाई गई और इसी दिन निविदा खोलना तय किया गया था, जिसे 30 जून किया गया। टेंडर में केवल दो कंपनियों द्वारा भागीदारी निभाने की वजह से अब निविदा की तिथि पुनः बढ़ाकर 21 जुलाई कर दी गई है।




- एसएनए कार्यालय में प्रोसेसिंग ऑफिस से दखल बढ़ने का अंदेशा, कई कंपनियां पीछे हटीं
- तीसरी बार बढ़ाई निविदा की तारीख

*फंसे हुए हैं आठ सौ करोड़ : इधर अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि क्लेम ऑडिट नहीं होने की वजह से निजी अस्पतालों को भी राशि का सही तरीके से भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऑडिट की प्रक्रिया में अस्पतालों के करीब आठ सौ करोड़ रुपये अटके हुए हैं। इसकी वजह से कई अस्पतालों की परेशानी बढ़ रही है। इस संबंध में चिकित्सकीय संगठन भी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से जुड़े अफसरों से मुलाकात कर चुके हैं।*

## बगैर अनुमति रात में सड़कों की खुदाई कर बिछाया जा रहा केबल

# मध्यप्रदेश से लाकर नाबालिगों से मजदूरी दो रेस्क्यू, एयरटेल के ठेकेदार पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में एक ओर जहां नगर निगम से बगैर अनुमति लिए मोबाइल केबल कंपनियों द्वारा अवैध रूप से सड़कों की खुदाई कर केबल बिछाने का काम चल रहा हैं, वहीं दूसरी ओर केबल कंपनियों के ठेकेदार अब खुदाई और केबल बिछाने के लिए दूसरे राज्यों से नाबालिग लड़कों को पैसों का लालच देकर यहां बुला रहे हैं और रातभर उनसे अवैध रूप से केबल बिछाने का कार्य करा रहे हैं। नाबालिगों से रात में कराए जा रहे काम की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास, बाल संरक्षण इकाई एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कुछ दिन पहले देर रात में पंडरी क्षेत्र में छापा मारा था। इस दौरान दो नाबालिग लड़कों को रेस्क्यू भी किया गया था, जो एयरटेल कंपनी का केबल बिछाने का कार्य कर रहे थे। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग ने अब थाने में संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर कराई है।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी संजय कुमार निराला ने बताया कि 30 जून को सूचना मिली थी कि पंडरी क्षेत्र में देर रात को केबल बिछाने का कार्य नाबालिग लड़कों से कराया जा रहा है। इस सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला बाल संरक्षण और पुलिस विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर रात में छापा मारने की योजना बनाई। रात करीब 2 बजे टीम पंडरी पहुंची, जहां माता गैरेज के पास केबल बिछाए जाने का काम चल रहा था। इस कार्य में लगे लोगों में दो नाबालिग निकले। पूछताछ पर लड़कों ने अपनी उम्र 17 वर्ष बताई, जिसके बाद टीम ने दोनों लड़कों को रेस्क्यू कर बाल संरक्षण केंद्र भेजा है, वहीं इन नाबालिगों से मौके पर कार्य कराने वाले सत्यम सिंघम एवं शुभम बंसल सहित ठेकेदार बंटी यादव के विरुद्ध सिविल लाइन थाने में एफआईआर कराई गई है। सत्यम और शुभम दोनों मूलतः ग्वालियर मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं।

*बगैर अनुमति के बिछाया जा रहा केबल : नाबालिग बच्चों के रेस्क्यू की घटना में इस क्षेत्र में बगैर निगम अनुमति के केबल बिछाए जाने का मामला भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि केबल कंपनी के ठेकेदार रात के समय में चोरी छिपे केबल बिछाने का कार्य चल रहा है। इसकी जानकारी वार्ड पार्षद से लेकर जोन अधिकारियों को भी है, लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।*


फाइल फोटो

*इन धाराओं के तहत अपराध दर्ज : सिविल लाईन पुलिस ने इस मामले में ठेकेदार और उनके सहयोगियों के विरुद्ध धारा बीएनएस 146, 143-5 के अलावा किशोर न्याय एक्ट 2015 के तहत धारा 79, बालक श्रम एक्ट 1986 के तहत धारा 3 एवं 14 के तहत अपराध दर्ज किया है।*

**पैसों का लालच देकर ग्राम मड़खेड़ा मध्यप्रदेश से लाए गए थे नाबालिग**

*जिन नाबालिग लड़कों को रेस्क्यू किया गया है, उन दोनों को ठेकेदार बंटी पैसों का लालच देकर रायपुर लाया था। विभाग के अनुसार इन दोनों को 14-14 हजार रुपए वेतन देने का वादा किया गया था, लेकिन उन्हें मात्र 5 हजार रुपए एडवांस राशि दी गई थी। इसके अलावा अन्य कोई राशि नहीं दी गई है। दोनों लड़के एडवांस राशि से ही अपना गुजर-बसर कर रहे थे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अच्छा वेतन देने का प्रलोभन देकर दूसरे राज्यों से नाबालिगों को बुलाया जाता है, लेकिन काम कराने के बाद उन्हें कम वेतन देकर उनका शोषण भी किया जाता है।*

### पाइप लाइन क्षतिग्रस्त के मामले आ चुके हैं सामने

अवैध रूप से केबल बिछाए जाने के कारण निगम की पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त किए जाने के पूर्व में कई मामले सामने आ चुके हैं। न्यू राजेंद्रनगर में केबल कंपनी के ठेकेदारों की लापरवाही के कारण दो स्थानों पर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे सुधारने का काम निगम को करना पड़ा था, लेकिन निगम कर्मियों ने भी पाइप लाइन को ठीक करने के बाद खुदी सड़क को मिट्टी से पाटकर छोड़ दिए हैं, जिसके कारण बारिश में इस मार्ग पर कीचड़ होने से चलना मुश्किल हो रहा है। साइकिल, दोपहिया वाहन भी स्लीप हो रही हैं। इस तरह शहर में कई क्षेत्र हैं जहां कंपनियों के ठेकेदारों की लापरवाही से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुए हैं, लेकिन उन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# मनोरोग विभाग में दो महीने से शिक्षक नहीं, चिकित्सा छात्रों की बढ़ी टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- बाधित हो रही पढ़ाई, मरीजों का इलाज और रिसर्च भी प्रभावित
- राजधानी आकर डीएमई से मिले रायगढ़ मेडिकल कालेज के छात्र

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ के मनोरोग विभाग में पिछले दो महीने से प्राध्यापक नहीं होने से वहां के छात्रों का मानसिक तनाव बढ़ गया है। विद्यार्थियों का कहना है कि चिकित्सा शिक्षक नहीं होने की वजह से उनकी पढ़ाई और शोध के कार्य प्रभावित हो रहे हैं और विभाग में आने वाले मरीजों को इलाज के लिए बिलासपुर भेजना पड़ रहा है।

रायगढ़ मेडिकल कालेज के छात्र और सीजीडीएफ के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा संचालक को ज्ञापन सौंपकर विभाग में तत्काल चिकित्सा शिक्षक की नियुक्ति करने की मांग की है। छात्रों ने बताया कि स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के मनोरोग विभाग में पिछले दो महीने छात्रों की पढ़ाई और शोधकार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा मनोरोग विभाग की ओपीडी में इलाज के लिए आने वाले नए मरीजों की जांच और उनके इलाज में परेशानी हो रही है। विभाग की आईपीडी पूरी तरह से बंद हो चुकी है और आने वाले मरीजों को इलाज के लिए बिलासपुर के सेंदरी भेजना पड़ता है। इसकी वजह से एनएमएस की गाइडलाइन के अनुसार 6 माह में होने वाला फार्मेटिव असेसमेंट जो अप्रैल में होना था, वह अब तक नहीं हो पाया है। चिकित्सा छात्रों का कहना है कि इस समस्या के बारे में मेडिकल कालेज डीन को दो महीने पहले जानकारी दी गई थी, मगर अब उनके लिए शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई है। छात्रों को डीएमई की ओर शीघ्र ही चिकित्सा शिक्षक का इंतजाम करने का आश्वासन दिया गया है।

# झूठा प्रकरण दर्ज कराने वालों पर काउंटर केस बनाने डायोसिस की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

सिविल लाइन थाने में झूठा केस दर्ज कराने वालों के खिलाफ काउंटर प्रकरण दर्ज करने की मांग अब तूल पकड़ने लगी है। छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन की अध्यक्ष द राइट रेव्ह सुषमा कुमार, उपाध्यक्ष रेव्ह समीर फ्रैंकलीन, प्रवक्ता डीकन मनशीश केजू ने बताया कि पुरानी कार्यकारिणी द्वारा 19 जून को सिविल लाइन थाने में झूठा प्रकरण दर्ज कराते हुए डायोसिस बोर्ड ऑफ एजूकेशन से जुड़े दो प्रमुख स्कूलों की साख धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी डायोसिस से जुड़े मनशीश केजू ने दिया। इसमें सीजी बोर्ड सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रभारी प्राचार्य किरण सिंग और सेंट पॉल्स इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रभारी प्राचार्य पल्लवी मिंज शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि पुलिस को झूठी और गुमराह करते हुए भ्रामक जानकारी देते हुए अजय जॉन, व्ही नागराजू, यशराज सिंग, वीनू बेनेट एवं निलिमा राबिन्स द्वारा केस दर्ज कराया गया है। मामले में सिविल लाइन थाना प्रभारी से काउंटर प्रकरण बनाने की मांग करते हैं, क्योंकि केस दर्ज कराने का आधार रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसाइटी की धारा 27 के तहत 22.09.2022 को आधार बनाया है। इसमें नितिन लॉरेन्स एवं जयदीप रॉबिन्सन पदाधिकारी नहीं एवं गलत लेटर पेड इस्तेमाल करके हुए उस पद पर होना बताया है, जिस पर दोनों हैं ही नहीं। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस काउंटर प्रकरण दर्ज करें, तो सच्चाई सामने आएगी।



### 'फन फिएस्टा' में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

**रायपुर।** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नया रायपुर में शुक्रवार को बच्चों के लिए एक रंगारंग एवं उल्लासपूर्ण कार्यक्रम 'फन फिएस्टा' का आयोजन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें रायपुर शहर के विभिन्न स्कूलों के 3 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के लिए ड्राइंग, पेंटिंग, मजेदार खेलों और नृत्य जैसी कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य नन्हे प्रतिभागियों की कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। रंगबिरंगी सजावट से सजाया गया था, सभी प्रतिभागियों के लिए यह दिन अविस्मरणीय बना गया था। यह आयोजन ऐमिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान के दूरदर्शी नेतृत्व और उनके समग्र विकास के दृष्टिकोण का प्रतिफल था। कार्यक्रम में अर्पिता मजूमदार का योगदान सराहनीय रहा।

# सूदखोर तोमर भाई कर्जदारों से दैनिक और साप्ताहिक के साथ मासिक उगाही करते थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सूदखोरी की आड़ में अवैध वसूली करने वाले तोमर भाइयों का एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें रोहित तोमर अपने एक कर्जदार को साप्ताहिक के साथ दैनिक ब्याज की रकम समय पर नहीं देने की बात पर गाली-गलौज कर रहा है। रोहित तोमर पीड़ित के साथ जब गाली-गलौज कर रहा था, उस समय घर की एक महिला मौके पर उपस्थित थी। रोहित जिसके साथ गाली-गलौज कर रहा था, उस व्यक्ति ने ऑडियो रिकार्ड कर पुलिस को सौंपा है।

पुरानी बस्ती थाने में पिछले दिनों खमतराई, भनपुरी निवासी होटल कारोबारी गजानंद सिंह ने दोनों सूदखोर तोमर भाई के साथ उनका भतीजा तथा दो अन्य के खिलाफ जबरन वसूली तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसी ने रोहित तोमर के धमकी तथा गाली-गलौज करने का ऑडियो टेप पुलिस को दिया है। गजानंद सूदखोर भाइयों से वर्ष 2022 में 15 लाख कर्ज लेकर वर्ष 2024 तक 51 लाख रुपए दे चुका है। बावजूद इसके तोमर भाई और उसके गुर्गे मूलधन तथा ब्याज की बकाया रकम बाकी होने की धमकी देकर जबरन वसूली कर रहे थे।

**वसूली के लिए रोहित का धमकाने का ऑडियो वायरल**

**सूदखोर तोमर भाई अब तक पुलिस पकड़ से बाहर**


तोमर भाइयों की तलाश में जुटी पुलिस, नहीं मिला अब तक किसी प्रकार का सुराग

तोमर ब्रदर्स ने सूदखोरी और वसूली के लिए पाले थे 37 गुंडे, इनमें से 25 गायब

**आदमी भेजकर कर्ज लेने प्रेरित किया था**

गजानंद ने पुलिस को बताया है कि होटल व्यवसाय में नुकसान होने के बाद उसे पैसों की जरूरत थी। सिविल स्कोर खराब होने की वजह से गजानंद को बैंक से कर्ज नहीं मिल रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर रोहित ने अपने एक आदमी को गजानंद के पास भेजा। भेजे गए आदमी की मदद से गजानंद ने रोहित तोमर से मुलाकात की।

**कोरा चेक, प्रॉपर्टी के पेपर पर साइन कराने के बाद कर्ज**

गजानंद ने पुलिस को बताया है कि रोहित तोमर ने स्वयं 15 लाख रुपए देने की पेशकस करते हुए उससे प्रॉपर्टी के साथ एक चेक पर साइन कराकर अपने पास रख लिया। कर्ज लेने के शुरूआत के दो महीनों में गजानंद को किसी तरह से कोई परेशानी नहीं आई। दो माह के बाद रोहित तोमर तथा उसके भाई संपत्ति कब्जा करने की धमकी के साथ चेक बाउंस कराकर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर जबरन उगाही करने लगे।

**डराने के बाद मनमानी वसूली**

वायरल ऑडियो में रोहित, गजानंद को कॉल कर दैनिक के साथ साप्ताहिक ब्याज की रकम समय पर नहीं देने का आरोप लगाते हुए गजानंद के साथ गाली-गलौज करता है। रोहित, गजानंद को जब धमता रहा था। उस समय मौके पर एक महिला की आवाज वायरल ऑडियो में सुनाई दे रही है। साथ ही समय पर ब्याज की रकम नहीं देने पर सूदखोर रोहित, गजानंद को मारने पिटने की धमकी दे रहा है।

**कर्ज चुकाने दूसरे से कर्ज लिया**

रोहित के टॉर्चर से गजानंद सिंह लगातार परेशान हो गया था। सूदखोर भाईयों की प्रताड़ना से तंग आकर दूसरों से रुपए उधार लेकर सूदखोर भाइयों को दिया। इसके बाद भी प्रताड़ना जारी रहा तो गजानंद ने खुदकुशी करने का मन बना लिया था।

## पेज 9 के शेष

### साइबर क्राइम की...

पार्किंग की व्यवस्था की सुनिश्चित करने हिदायत दी। इस दौरान बैठक में जिले के समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक, ग्रामीण सहकारी बैंक आदि के 50 की संख्या में बैंक प्रबंधक एवं बैंक अधिकारी शामिल हुए।

### विकास कार्यों में ...

बताते हुए हर ग्रामीण तक शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण संबंधी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभी आवासों, स्कूलों और शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए।

### शराब पीकर वाहन...

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्रवाई में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 7 वाहन चालकों पर 75 हजार का अर्थदंड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# दतान प स्कूल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव, नशा मुक्ति का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



विगत दिनों शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दतान प में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया गया एवं नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा पपीता, कनेर एवं फूल का पौधा रोपण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किये। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पालकों ने बच्चों को नशा और मोबाइल के दुष्प्रभाव से दूर रखने का संकल्प लिया।

उक्त अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शिव कुमार वर्मा द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू, शिक्षा विद कृष्ण कुमार वर्मा, पूर्व मंत्री किसान मोर्चा बिसाहू राम साहू, अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, सुमित्रा साहू, पंच कीर्ति साहू, लता डांडेकर, धनेश्वरी जायसवाल, रजनी रजक, शिक्षक किरण ठाकुर, अनिता रात्रे, संध्या पैकरा, मधु फेकर, अभिषेक महोबे, कमलेश कुमार साहू, शिवकुमार वर्मा, देवेश साहू, श्रवण कुमार साहू, प्रकाश कुमार सेन, तेजराम साहू, सुदेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला हरदी भ में हुआ बाल संसद का गठन



गोपालपुर। ईको क्लब (बाल संसद) का गठन प्राथमिक शाला हरदी भ संकुल रोहिना में किया गया। ईको क्लब के विभिन्न विभागों का कार्य दायित्व छात्र-छात्राओं को सौंपा गया। बाल संसद के प्रधानमंत्री देविका लहरे, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री कनिका खूंटे, जल एवं पर्यावरण मंत्री शुभम खूंटे, सांस्कृतिक मंत्री लीसा बर्मन, शिक्षा मंत्री लवली खूंटे, बागवानी मंत्री मोनिका खूंटे, वित्त मंत्री प्रतीक, कक्षा नायक के रूप में स्वाति, पीयूष, सिमरन, करिश्मा खूंटे तथा अभिनाश का चयन किया गया। प्रधान पाठक रामदुलार निराला ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्य दायित्व को समझाया।

बच्चों में नैतिक गुणों, सहयोग की भावना, सहिष्णुता, सामाजिक सेवा हेतु छात्र-छात्राओं में नेतृत्व की क्षमता बहुत जरूरी होती है, तभी आगे जाकर वे भविष्य में अच्छे नागरिक बन सकते हैं। देविका लहरे बाल संसद को पूरे विद्यालय के सुचारू संचालन में सहयोग देने तथा सभी पदाधिकारियों के कार्यों को साथ मिलकर सफल बनाने में सहयोग देने की बात कही। मनीष कुमार साहू के नेतृत्व में सभी ईको क्लब के सदस्यों का चयन किया गया।

# ऑयल पाम की खेती खोलेगा किसानों के लिए समृद्धि का द्वार

## योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार से अनुदान का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भारत सरकार द्वारा तिलहन फसलों के उत्पादन बढ़ाने हेतु नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल, ऑयल पॉम संचालित किया जा रहा है। सुगमता में ऑयल पॉम क्षेत्र विस्तार को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की प्रचलित अनुदान प्रावधान के अलावा राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त अनुदान दिये जाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना का लाभ लेकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं। प्रति हेक्टेयर 143 आयल पाम पौधे अनुदान राशि 29 हजार, प्रथम वर्ष से चतुर्थ तक पौधों के रखरखाव, थैला बनाने उर्वरक एवं खाद इत्यादि हेतु अधिकतम रू 5250 प्रति हेक्टेयर के अतिरिक्त अधिकतम राशि 2625 प्रति हेक्टेयर की सहायता राशि टॉप-अप के रूप में राज्य द्वारा प्रदान किया जायेगा। प्रथम वर्ष से चतुर्थ वर्ष तक ऑयल पॉम के पौधों के बीच अंतरवर्ती फसल लेने हेतु प्रति हेक्टेयर अधिकतम राशि 22375 का अनुदान, न्यूनतम 2 हेक्टेयर क्षेत्र में ऑयल पॉम फसल की खेती करने वाले कृष्क को सिंचाई साधन के 1 बोरवेल हेतु राशि रु. 50 हजार अतिरिक्त प्रति हेक्टेयर अधिकतम राशि 25 हजार प्रति यूनिट का अनुदान प्रदान किया जायेगा। पम्प सेट हेतु 2 हेक्टेयर क्षेत्र में राशि 27 हजार के अतिरिक्त प्रति हेक्टेयर 16500 एवं फेसिंग हेतु सीमेंट पोल एवं चैन लिंक पर प्रति हेक्टेयर 108970 तथा ड्रिप प्रतिधापन हेतु प्रति हेक्टेयर राशि 14130 के अतिरिक्त टाप अप के रूप में राशि 6636 का अनुदान भी देय होगा।



### ऑयल पॉम खेती के फायदे

ऑयल पॉम की खेती से वार्षिक उत्पादन प्रति एकड़ 10 से 12 टन उत्पादन होता है एवं न्यूनतम मजदूर की आवश्यकता होती है। ऑयल पॉम पौधे में बीमारी होने की संभावना कम होती है अतः दवाई पर होने वाले खर्च कम है। दलालों से छुटकारा, अनुबंधित कंपनी द्वारा क्रय किया जायेगा। आयल पाम की खेती किसी भी प्रकार की भूमि पर किया जा सकता है जो पूर्णतः सिंचित हो। आयल पाम की खेती हेतु अनुमानित लागत प्रति हेक्टेयर पहले 4 वर्षों में 25 से 30 हजार प्रति वर्ष के भूमि की तैयारी, पौधरोपण, सिंचाई खाद इत्यादि आता है। 4 से 6 वर्ष में प्रति हेक्टेयर खरीदी मूल्य 18351 रुपए प्रति टन के आधार पर राशि 70 हजार से 2.70 लाख तक अनुमानित आय प्राप्त होती है। इसका उपयोग खाद्य तेल के साथ-साथ कॉस्मेटिक एवं अन्य उत्पादों में किया जाता है। इसके अतिरिक्त फसल उत्पादन खरीदी हेतु संग्रहण केन्द्र की सुविधा भी शासन द्वारा दी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### गांव-गांव में चल रहा रोका छेका कार्यक्रम

**मुंडा**। मुंडा के आसपास क्षेत्र कोलिहा, सर्वांडिह, चिरपोटा, जामडीह, कोहरौद, कारी, जुड़ा, पैजनी, कसियारा, ढनढनी, बरदा जैसे अन्य गांवों में धान की फसल बियासी करने योग्य हो गई है। इस वजह से गांव-गांव में रोका छेका कार्यक्रम किया जा रहा है। वही आवारा पशु धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आवारा पशुओं की शासन की योजना अनुसार रखरखाव की व्यवस्था करना चाहिए ताकि धान की फसल को बचाया जा सके ।

### मोहरा मुक्तिधाम में किया पौधारोपण



**हिर्म्मी रावन**। ग्राम मोहरा निवासी समाजसेवी सनत सेठ द्वारा मोहरा मुक्तिधाम परिसर में छायादार पीपल का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ ग्राम के अन्य युवक भी उपस्थित रहे। पौधारोपण कर सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया एवं पौधे की नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं लेने की बात कही। सनत सेठ ने बताया कि मुक्तिधाम जैसे स्थलों पर छायादार एवं औषधीय पेड़ों का होना न केवल पर्यावरण के लिए लाभदायक होता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी यह प्रेरणा देता है कि प्रकृति से जुड़ाव बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक एक वृक्ष लगाए और उसकी देखरेख करे, तो हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

## उपभोक्ताओं का डाटा नहीं होने पर ई-केवाईसी का काम नहीं हो पाया

# 6 हजार गैस उपभोक्ताओं की नहीं हुई ई-केवाईसी, नहीं मिलेगी सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

घरेलू एवं कमर्शियल गैस उपभोक्ताओं को चिन्हित करने गैस कंपनियों की ओर से ई-केवाईसी अभियान चलाया गया। वहीं जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराया है तो अपने स्थानीय गैस एजेंसी में पहुंचकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। ई-केवाईसी नहीं होने पर उपभोक्ताओं को सब्सिडी का फायदा नहीं मिलेगा। लेकिन लवन इण्डेन गैस एजेंसी में अभी तक बहुतायत मात्रा में उपभोक्ताओं का डाटा नहीं होने पर ई-केवाईसी का काम नहीं हो पाया है, जिसके चलते उपभोक्ता परेशान है।

उल्लेखनीय है कि लवन इण्डेन गैस एजेंसी में घरेलू एवं सामान्य उपभोक्ता को मिलाकर 18 हजार उपभोक्ता होना बताया गया, जिसमें से 12 हजार उपभोक्ताओं का कनेक्शन लवन में चल रहा है। शेष 6 हजार उपभोक्ताओं का कनेक्शन को बलौदाबाजार के बम्लेश्वरी गैस एजेंसी होना बताया जा रहा है। उक्त एजेंसी में उपभोक्ताओं का डाटा होने के चलते लवन इण्डेन में 6 हजार उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी नहीं हो पा रहा है। बम्लेश्वरी गैस एजेंसी से डाटा लवन भेजने के संबंध में वार्ड 10 निवासी पंकज अग्रवाल ने कलेक्टर, विधायक संदीप साहू, जिला खाद्य शाखा अधिकारी को इस पर तत्काल कार्रवाई कराने आवेदन देने की बात कही। पहले प्रवीण देवगड़े एरिया प्रभारी इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन छग द्वारा 13 मई को पत्र लिखकर गैस कनेक्शन का डाटा लवन इण्डेन गैस में भेजने पत्र में लिखा गया था, लेकिन आज तक इस ध्यान नहीं दिया गया। पंकज अग्रवाल ने बताया कि लवन के साथ आसपास के 75 गांव आते हैं। अधिकांश उपभोक्ता 30 से 25 किमी दूर से आते हैं। जिनका ई-केवाईसी नहीं होने से गैस नहीं मिलने पर खाली हाथ लौटना पड़ता है।

उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए मैंने लिखित में पत्र लिखकर डाटा भेजने के संबंध में कहा है। उक्त कनेक्शनधारियों का कनेक्शन संबंधित गैस एजेंसी में ट्रांसफर नहीं होने से उन्हें गैस सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा। साथ ही कनेक्शन बंद हो सकता है। इस संबंध एजेंसी संचालक द्वारा अपने उच्च अधिकारियों को जानकारी देने की बात कहीं जा रही है।



### 6 हजार कनेक्शन ट्रांसफर नहीं हुए

लवन इण्डेन गैस एजेंसी में 18 हजार उपभोक्ता थे, जिनमें से 6 हजार उपभोक्ताओं का कनेक्शन लवन में ट्रांसफर नहीं किया गया है। इसके संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

**-धनेश टंडन**, संचालक इण्डेन गैस एजेंसी लवन

# भारत स्काउट गाइड की कार्यकारिणी और स्थानीय परिषद का गठन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदाबाजार के कार्यकारिणी एवं स्थानीय परिषद का गठन पं. चक्रपाणि शुक्ला स्वामी आत्मानंद विद्यालय में किया गया। इसमें अध्यक्ष मानक चंद वर्मा, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, दिनेश कुमार साहू, सोन चंद वर्मा, राजकुमारी, रजनी केसरवानी, अनामिका मिश्रा, सबा खान सहायक जिला आयुक्त गाइड, वंदिनी श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र वर्मा, सचिव चूड़ामणि वर्मा, संयुक्त सचिव महिला माधुरी श्रीवास, संयुक्त सचिव पुरुष तिलक राम वर्मा, स्थानीय संघ प्रतिनिधि राज नारायण केसरवानी, संस्था प्रमुख प्रतिनिधि देवेश वर्मा, भारती मढ़रिया मार्गदर्शक रामकुमार सेन, लीडर ट्रेनर खोडस राम कश्यप, सहायक लीडर ट्रेनर योगेंद्र सोनवानी, स्काउटर प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार वर्मा, जीतांशु प्रसन्न वर्मा, गंगाराम वर्मा, गाइडर प्रतिनिधि भानु शर्मा, गीता ध्रुव, अनसूया वर्मा मनोनीत किए गए। शांतिपूर्ण गठन करने में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू, विकासखंड स्रोत समन्वय अविनाश तिवारी की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर स्काउटर धनेश कुमार वर्मा, नरेंद्र कुमार साहू, चंद्रकांत वर्मा, लहाराम मनहरे, अरविंद सिंह चौहान, पारसनाथ वर्मा, सनत खरे, संतोष खांडे, जय किशन साहू, संस्था प्रमुख पार्वती वर्मा, रामलाल लहरे, दौलत राम साहू, सारिका तिवारी, गायत्री देवांगन, सरिता तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्काउटर गाइडर उपस्थित थे।

# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग जर्जर, फंस रहे कई वाहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

गिधौरी -शिवरीनारायण सड़क मार्ग की दुर्दशा के कारण इन दिनों राहगीरों एवं वाहन चालकों बहुत ही परेशानी हो रही है। उक्त मार्ग पर शुक्रवार को सुबह से अनेक वाहन फंस रहे थे और ई रिक्शा पलट गया। गिधौरी शिवरीनारायण सड़क की हालत बहुत ही खराब हो गया है, जिससे लोगों को बरसात के समय में भी पसीना बहाना पड रहा है और जान जोखिम में डालकर गुजरना पड रहा है और पिकअप वाहन फंसने से गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग पर घंटों लगा रहा। जाम और आवागमन बाधित थे। राहगीरों तथा यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

आनन फानन में ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन से थोड़ा बहुत पत्थर चुरा डालकर मलहम पट्टी की गई। उसके बाद भी सड़क पर लगातार जाम की स्थिति बनी रही। सड़क बड़े-बड़े गड्ढे होकर जहां पोखर में तब्दील हो गया है और जिम्मेदार अधिकारी फोन उठाने में असमर्थ साबित हो रहा है ।



# किसानों ने 87 प्रतिशत उर्वरक एवं 97 प्रतिशत बीज का किया उठाव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले में किसानों क्रो समय पर खाद और बीज़ उपलब्ध कराने के लिए सहकारी समितियों के माध्यम से भण्डारण और वितरण किया जा रहा है। जिले में संचालित 129 सहकारी समितियों से किसान तेजी से खाद और उर्वरक का उठाव कर रहे हैं। अब तक समितियों से 33926 मेट्रिक टन उर्वरक एवं 29493.50 क्विंटल बीज़ का वितरण किसानों को किया गया है। किसानों नें अब तक 87 प्रतिशत उर्वरक एवं 97 प्रतिशत बीज का उठाव कर लिया है।

- सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा बीज और उर्वरक

उप संचालक क़ृषि नें बताया जिले में खरीफ सीजन 2025 के लिए सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य 58136 मेट्रिक टन है, जिसके विरूद्ध अब तक 38760 मेट्रिक टन भण्डारण एवं 33926 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया गया।

इसी प्रकार सहकारी समितियों में बीज का भण्डारण 30704.60 क्विंटल एवं 29493.50 क्विंटल बीज वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार खरीफ सीजन में खाद एवं बीज का भण्डारण सहकारी समितियों में किया जा रहा है ताकि किसानों क्रो खाद बीज़ लेने में कोई दिक्कत न हो। किसानो क्रो आवश्यकता अनुसार खाद बीज़ का शीघ्र उठाव हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## भारती वर्मा ने बाल साहित्य प्रतिष्ठा के सम्बन्ध में बताया

# बाल साहित्य पुस्तक प्रतिष्ठा का उपमुख्यमंत्री साव ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा



नवाचारी शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा शाला परिवेश के आधार पर लिखित बाल साहित्य संग्रह प्रतिष्ठा का विमोचन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। इस अवसर पर शांतनु साहू, पुस्तक के संयोजक लोकेश कुमार वर्मा, शिक्षक छोटेलाल साहू उपस्थित रहे। शिक्षिका भारती वर्मा ने बाल साहित्य प्रतिष्ठा के सम्बन्ध में बताया कि बाल साहित्य किसी भी राष्ट्र की बौद्धिक और नैतिक आधारशिला के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब साहित्य शिक्षा शास्त्र की मूल अवधारणाओं और शिक्षा मनोविज्ञान की आधार पर लिखा जाता है तब वह केवल मनोरंजन नहीं करता, अपितु बालकों के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक उन्नयन और सामाजिक बोध को भी गहराई से प्रभावित करता है। इस बाल कहानी संग्रह में विद्यालयीन परिवेश की जीवंतता को आधार बनाकर, बालक की संवेदनाओं, जिज्ञासाओं और विचारशीलता को प्रतिबिंबित करता है। "प्रतिष्ठा" केवल एक पुस्तक नहीं अपितु एक सतत प्रयास है बच्चों को बेहतर इंसान बनाने का, उन्हें सोचने, समझने और सही निर्णय लेने की प्रेरणा देने का। यह संग्रह उन सभी शिक्षकों, अभिभावकों और पाठकों के लिए उपयोगी है जो बालकों के सर्वांगीण विकास के पथ पर सहयात्री बनना चाहते हैं।



## खबर संक्षेप



### संजय पुनः बने चैंबर ऑफ कॉमर्स खरोरा इकाई के अध्यक्ष

**खरोरा।** चैंबर ऑफ कॉमर्स की खरोरा इकाई के अध्यक्ष पद पर संजय अग्रवाल का रायपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पुनः निर्वाचन किया गया। इस महत्वपूर्ण पद पर पुनः चुने जाने पर अग्रवाल ने क्षेत्र के समस्त व्यापारीबंधुओं और चैंबर के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है।अपने निर्वाचन के उपरांत अग्रवाल ने कहा, चैंबर ऑफ कॉमर्स खरोरा इकाई के अध्यक्ष पद पर मुझे एक बार फिर चुनने के लिए मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं आशा करता हूं कि हम सब मिलकर आगे भी व्यापार हित में कार्य करते रहेंगे और संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा, आपके समर्थन और शुभकामनाओं के लिए मैं आभारी हूं।

### व्यापारियों को सिक्का वितरण

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में व्यापारियों को सिक्का वितरण किया गया। पिछले कुछ महीने से व्यापारियों को चिल्लर की किल्लत के कारण व्यापार में दिक्कत हो रही थी। जिसे चैंबर ने संज्ञान में लिया और भारतीय स्टेट बैंक से बात कर सिक्का वितरण की योजना बनाई गई और सभी के सहयोग से चिल्हर वितरण किया गया।

### कावरे ने एक माह में दी अनुकंपा नियुक्ति

**रायपुर।** संभागायुक्त महादेव कावरे ने संवेदनशील प्रशासन का परिचय देते हुए शासकीय सेवक स्व. रायसिंह कतलाम की आश्रित बेटी कुमारी मंजू धुर्वे के आवेदन पर एक माह के भीतर उसे अनुकंपा नियुक्ति दी है। उनके पिता का 19 मई 2025 को निधन हुआ था, जिसके बाद मंजू ने 13 जून को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। मंजू के पिता के निधन के पश्चात उसके परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए राज्य शासन के निर्देश के तहत तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि के साथ मंजू को शासकीय सेवा में शामिल किया गया है। नियुक्त पदस्थापना के लिए आवश्यक पुलिस सत्यापन, चिकित्सकीय परीक्षण एवं सेवा शर्तों की पूर्ति अनिवार्य होगी।

### चैंबर भवन में सायबर जागरूकता कार्यशाला शामिल हुए कारोबारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और रायपुर पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 4 जुलाई को चैंबर कार्यालय-चौ. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बॉम्बे मार्केट में व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाने के लिए एक सफल साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।
चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का उद्देश्य व्यापारियों को वर्तमान साइबर खतरों और उनसे सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में शिक्षित करना है, जिसमें उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने और डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित बनाने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई।
कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि रायपुर क्राइम ब्रांच से सतीश पुरिया शामिल हुए।उन्होंने व्यापारियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिससे व्यापारियों को अपने व्यवसाय को डिजिटल खतरों से बचाने में काफी मदद मिलेगी।कार्यशाला में साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया, जिसमें तीन प्रमुख विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी विशेषज्ञता के अनुसार जानकारी साझा की।

# क्षेत्र की बदहाल सड़कों से ग्रामीण बेहद परेशान, मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

क्षेत्र के सभी गांवों के लिए सरकार द्वारा सड़कों का निर्माण कर जनता को सुगमता प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन धरातल पर इन सड़कों की स्थिति निराशाजनक बनी हुई है। भिनोदा से गगोरी, सेन्दुरस से धन गांव, भिनोदी से मुड़पार, तौलीडीह से साल्हेओना, दुरुग से सुकलाभाठा, धोबनीडीह से रोहिना, मेन रोड से रोहिना जैसी कई प्रमुख सड़कें बुरी तरह जर्जर हो चुकी हैं।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि सड़कें इतनी खराब हो चुकी हैं कि पैदल चलना और दोपहिया वाहन चलाना खतरनाक हो गया है। गड्ढों में पानी भरने से आवागमन में काफी दिक्कत होती है और बड़े वाहन गुजरने पर छोटे वाहन और पैदल यात्री गंदे पानी में खड़े होकर इंतजार करते हैं। मरीजों, विद्यार्थियों और अन्य आम लोगों का रोजाना आवागमन इन सड़कों से होता है, जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि वे बार-बार सड़क मरम्मत की मांग करते रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। चुनाव के समय राजनीतिक दल मरम्मत के वादे जरूर करते हैं, पर चुनाव जीतने के बाद ये वादे हवा हो जाते हैं। सड़कें इतनी पुरानी हो चुकी हैं कि गिट्टी, मुरुम और डामर का नामोनिशान तक नहीं बचा है।

## सड़कें इतनी खराब हो चुकी हैं कि पैदल चलन भी खतरनाक



### संबंधित विभाग को पत्र लिखा

विधायक कविता प्राण लहरे ने बताया कि उन्होंने सड़क सुधार के लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखा है और नयी सड़क निर्माण हेतु सरकार से मांग की है। वे विधानसभा में भी इस विषय पर प्रश्न उठाने की तैयारी में हैं। वहीं लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े के प्रतिनिधि बसंत जांगड़े ने कहा कि उन्हें सड़क खराब होने की जानकारी नहीं है, लेकिन यदि सूचित किया जाएगा तो वे कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि वे सरपंचों को कांक्रीटीकरण निर्माण के लिए संसद निधि भी देते हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया

# रोपे गए फलदायी और छायादायी पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति अहिल्दा के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सहकारी समिति परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया, जिसमें फलदार एवं छायादार 101 पौधों का रोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। परिसर में जामुन, पीपल, बरगद, आम, नीम सहित विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। इस मौके पर अहिल्दा समिति प्रबंधक मेष कुमार साहू ने कहा कि परिसर में उनके द्वारा करीब 101 पौधे लगाये गये, जिसमें फलदार व छायादार किस्म के पौधे शामिल हैं। इस प्रकार के पौधे समिति परिसर में ग्रामीणों के सहयोग से लगाए गए। समिति प्रबंधक साहू ने कहा कि हम सभी को पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। हम सभी का कर्तव्य है कि पर्यावरण को बचाए रखने के लिए पौधे लगाना, पेड़ बचाना बहुत जरूरी है। बिना पेड़-पौधों के हमारी संस्कृति की परिकल्पना नहीं की जा सकती। पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं, यह हवा को शुद्ध करते हैं, पानी को संरक्षित करते हैं, जलवायु नियंत्रण में मदद करते हैं। मिट्टी की शक्ति को बरकरार रखते हैं और अन्य तरीकों से पूरे पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हैं। इस दौरान परदेशीराम वर्मा, पर्यवेक्षक लक्की क्षत्रिय, समिति प्रबंधक मेष कुमार साहू एवं सुरेश वर्मा, कर्मचारी मुकेश कुमार, पुशरंजन, छन्नू, संतोष कुमार, कृषक राजकपूर, मैधु राम वर्मा, ओमप्रकाश, नरेश, शिवकुमार, कृपाराम और ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

### वन महोत्सव पर लगाए गए पौधे



**खरोरा।** वन महोत्सव के अवसर पर "एक पेड़ भविष्य के लिए लगाएं" विषय के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भा.कृ.अनु.परि. – राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के आवासीय परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. पीके राय ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सभी संयुक्त निदेशक, वैज्ञानिकगण, प्रशासनिक एवं वित्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पौधारोपण किया। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने एवं भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

### धान उपार्जन केंद्र दामाखेड़ा में रोप गए पौधे

**हथबंद।** विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम दामाखेड़ा धान उपार्जन केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत एक पेड़ मां के नाम का समावेश में पहुंचे जनपद सहित आस पास के सरपंच,




उपसरपंच जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन शामिल हुए, जिन्होंने पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में दामांखेड़ा धान उपार्जन केंद्र अध्यक्ष हीरालाल साहू, समिति प्रबंधक धर्मेंद्र शर्मा, जनपद सदस्य सुरेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य लखनलाल अग्रवाल, किरवई सरपंच पूर्णिमा, उमेश, शहतोडे, उपसरपंच जागेश्वरी, हेमलाल साहू, पूर्व सरपंच श्यामलाल देवांगन दामाखेड़ा, सरपंच कमलेश साहू, दुरचूरा सरपंच भीम्मा नारायण पाल, पूर्व समिति संचालक मोहन गायकवाड़, अड़बंधा सरपंच राम विलास बारले, दिलीप साहू, ठाकुर राम साहू सहित समिति सदस्य उपस्थित थे।

### धान उपार्जन केंद्र में रोपे गए पौधे

**हथबंद।** विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम मनोहरा धान उपार्जन केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत एक पेड़ मां के नाम का समावेश में पहुंचे जनपद सहित आस पास के सरपंच, उपसरपंच, जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन शामिल हुए और पौधा रोपण किया। उन्होंने मनोहरा के धान उपार्जन केंद्र अध्यक्ष रूपेंद्र यदु, समिति प्रबंधक ऋषि शर्मा, सरपंच मनोहरा चित्ररेखा साहू, अकलतरा सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यदु, प्रहलाद यदु, चतुर यदु, गौरीशंकर वर्मा, सोहन पांडेय, अजीत पांडेय सहित समिति के कर्मचारी के सदस्य उपस्थित थे।



# शिक्षिकाओं ने उदीम से कराया शिक्षा अधिकारियों को रुबरु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड के नवाचारी शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के 36 नवाचारी शिक्षकों के साथ मिलकर पलारी ब्लॉक की शिक्षिकाओं ने नवाचार के अगले क्रम में विभिन्न गतिविधि आधारित पुस्तक उदीम सीखने सिखाने का एक प्रयास का प्रकाशन कराया है। इसमें कुल 140 शैक्षिक गतिविधियों का संकलन है। पुस्तक में उड़ीसा के सीमावर्ती बागबाहरा, जशपुर, महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिला राजनांदगांव, झारखंड के सीमावर्ती जशपुर जिला, सुदूर वनांचल बस्तर के शिक्षकों के साथ-साथ राजधानी रायपुर के शहरी क्षेत्रों के शिक्षक सम्मिलित हैं। इस पुस्तक में पलारी विकासखंड से शिक्षिका कविता सरसीहा, संध्या पैकरा एवं अराधना वर्मा लेखक के रूप में सम्मिलित है। सभी शिक्षिकाओं ने अपने द्वारा लिखित पुस्तक की प्रति विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार वर्मा तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जेएल जोशी को भेंट की।

अधिकारियों द्वारा शिक्षिकाओं को इस नवाचारी उपलब्धि पर बधाई दी। शिक्षिका संध्या पैकरा ने बताया कि पुस्तक में समाहित गतिविधियां बहुविध शैक्षिक कौशलों से संबंधित हैं जैसे कि अक्षर ज्ञान की आरंभिक समझ, गणितीय अवधारणाओं का निर्माण, भाषायी अभिव्यक्ति का विकास, चित्रकला और शिल्पकला में रचनात्मक हस्तक्षेप, मिट्टी, बांस व कागज से सृजनशील निर्माण कार्य, विज्ञान के सरल प्रयोग तथा व्यावसायिक शिक्षा के संदर्भ में स्थानीय ज्ञान और कौशल का समावेश है।

## सांसद बृजमोहन ने कॉलेज में विकास ठाकुर को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक, सामाजिक एवं विकासात्मक आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने एवं निराकरण के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा विभिन्न महाविद्यालय में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। इस दौरान खरोरा के रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में भाजपा युवा नेता एवं पूर्व पार्षद विकास को सांसद प्रतिनिधि बनाया गया। इन प्रतिनिधियों की नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालयों में शिक्षा, संसाधन, छात्रहित तथा प्रशासनिक समन्वय से जुड़ी समस्याओं की जानकारी और उनका निराकरण करना है।



वहीं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ये प्रतिनिधि महाविद्यालयों से छात्रों की समस्याएं, योजनाओं की प्रगति तथा प्रशासन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां समय-समय पर उपलब्ध कराएंगे, इससे शिक्षा के क्षेत्र में ज़रूरी सुधार एवं छात्र-छात्राओं के आवश्यकताओं की पूर्ति संभव हो। उक्त नियुक्ति पर विकास ठाकुर ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा की महाविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था सहित विभिन्न सामाजिक कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्व की निर्वहन करुंगा। उक्त नियुक्ति पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, वरिष्ठ भाजपा नेता वेदराम मनहरे, राजीव अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व नपं अध्यक्ष अनिल सोनी, सुरज सोनी, पुनाराम वर्मा, दुष्यंत साहू, दुलेश साहू, तोरण ठाकुर, आयुष वर्मा, मया कुमार वंशे, विनय वर्मा, भरत पंसारी, अंबिका बंछोर, रश्मि वर्मा, गुरूजीत कौर भाटिया, पूर्णिमा धनकर आदि ने विकास ठाकुर को बधाई दी गईं।

## शिवनाथ नदी में कूदे युवक की पुलिस ने बचाई जान

**सिमगा।** गुरुवार की रात गस्त में तैनात थाना सिमगा के पुलिस स्टाफ को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बेमेतरा पुल शिवनाथ नदी से आत्महत्या करने के लिए नदी में छलांग लगाने वाला है। इसकी सूचना पर रात्रि गस्त में तैनात सहायक उप निरीक्षक विष्णु टंडन, प्रधान आरक्षक प्रदीप शुक्ला, आरक्षक चंद्रिका वर्मा, देवप्रसाद पैकरा, संजय कुमार ध्रुव एवं किशोर मरकाम की टीम तत्काल बेमेतरा रोड शिवनाथ नदी पुल पहुंची। इस दौरान उक्त व्यक्ति आत्महत्या करने के लिए नदी में छलांग लगा चुका था, इसके पश्चात पुलिस स्टाफ द्वारा एक क्षण भी गंवाए बिना आसपास उपस्थित सिमगा नगरवासियों के सहयोग से नदी में कूद गए उक्त व्यक्ति को बाहर निकाला गया। इस दौरान उक्त व्यक्ति बदहवास सा हो गया था तथा बार-बार आत्महत्या करने के लिए जोर आजमाइश कर रहा था।



## पूर्व माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड तिल्दा नेवरा के संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत "सुरक्षित शनिवार" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर बच्चों को बिजली गिरने से होने वाले खतरों तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक जानकारी प्राप्त की और संबंधित सुरक्षा उपायों को समझा। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने बच्चों को सहज और सरल भाषा में आपातकालीन स्थितियों में क्या करें, इसकी व्यावहारिक जानकारी दी। इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में विद्यालय के समर्पित शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्ना डे एवं भारती तांती ने विशेष भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से कार्यक्रम शिक्षाप्रद और रोचक बन सका। विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को न केवल शैक्षणिक बल्कि जीवनोपयोगी ज्ञान भी प्रदान किया जा रहा है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है।

### खैंदा स्कूल में बाल कैबिनेट ने ली शपथ



**बगबुड़ा।** प्राथमिक शाला खैन्दा (ल) में बाल कैबिनेट का शपथ ग्रहण हुआ। महेन्द्र कुमार घृतलहरे ने बच्चों को लोकतंत्र की महत्ता और जिम्मेदारी का बोध करते हुए बाल कैबिनेट के समस्त विभाग की प्रभारी का नियम अनुसार निर्वाचन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नव-निर्वाचित बाल प्रधान मुस्कान वर्मा, उप प्रधान सूरज कुमार वर्मा, स्वास्थ्य मंत्री, स्वच्छता मंत्री, शिक्षा मंत्री, खेल मंत्री, पर्यावरण मंत्री, तथा अन्य सभी बाल मंत्रीगण ने अपने-अपने पद की शपथ ली और विद्यालय की उन्नति के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लिया मुख्य अतिथि पुष्पा बंजारे प्रधान पाठक ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में शिक्षक महेन्द्र कुमार घृतलहरे, सत्यवती तिर्की, मनीषा दीवान, विजय कुमार बार्वे, महेश वर्मा, सोनचरण साहू, नीरज दुबे तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### छात्रों ने जाना वज्रपात से बचाव के उपाय



**खरोरा।** मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह संकुल केन्द्र विकासखंड तिल्दा में वरिष्ठ शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बिजली गिरने से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि हमें बिजली कड़कने व आंधी आने पर पक्के मकान में आश्रय लेना चाहिए। कोई पेड़ या बिजली के खम्भे के आस पास रुकना नहीं है। आंधी से बिजली के तार व खंभे गिर जाते हैं, जिससे बिजली के झटके लग सकते हैं। वर्षा होने, बादल गरजने के समय हमें खुले स्थानों में नहीं जाना चाहिए। पक्के छत वाले घरों में सुरक्षित जगह पर आश्रय लेना चाहिए। वज्रपात से प्रभावित व्यक्ति को तुरंत पास के अस्पताल में पहुंचना चाहिए। बच्चों को वीडियो दिखाकर, गतिविधियों के माध्यम से मॉकड्रिल करवाया गया। इस कार्यक्रम में हेमकुमारी साहू, चरित कुमार ध्रुव एवं संजय कुमार बंछोर आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## जनभागीदारी समिति की बैठक में हुए शामिल

# विधायक ने किया आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शनिवार को विधायक संदीप साहू ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर पहुंचकर उन्होंने वहां की शैक्षणिक गतिविधियों विद्यार्थियों की उपस्थिति, किताबों के वितरण, शिक्षकों की व्यवस्था तथा मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण उपरांत विधायक साहू जनभागीदारी समिति की बैठक में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों की समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने के लिए शिक्षकों व अभिभावकों से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई, सुविधाओं और जरूरतों की जानकारी ली। विधायक संदीप साहू ने विद्यालय की आधारभूत आवश्यकताओं जैसे पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, खेलकूद सामग्री, स्मार्ट क्लास आदि की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर विधायक साहू ने आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर पर हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में विद्यालय जनभागीदारी समिति के जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण अधिकारी कर्मचारी अभिभावक उपस्थित थे।

### हायर सेकंडरी में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**बगबुड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान (ख), में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले छात्र एवं छात्राओं को ग्राम प्रमुख सरपंच चन्दा देवी महिलागें द्वारा गुलाल, मिठाई पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 9वीं में 60 छात्र एवं छात्राओं को शाला प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसकी सभी अतिथियों ने प्रशंसा की।



